



## खबर संक्षेप

### आरक्षक संवर्ग भर्ती प्रक्रिया स्थगित

**बालोद।** आरक्षक संवर्ग भर्ती प्रक्रिया में उच्च न्यायालय बिलासपुर ने रोक (स्टे) लगाई है। इसके कारण भर्ती प्रक्रिया आगामी आदेश तक स्थगित कर दी गई है। पुलिस विभाग ने अभ्यर्थियों को से कहा है कि भर्ती प्रक्रिया फिर से प्रारंभ होने की तिथि की जानकारी पृथक से दी जाएगी।

### ट्रक की ठोकर से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

**बालोद।** ट्रक चालक ने लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए ट्रांसफार्मर को ठोकर मारकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे करीब एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं, घटना के बाद बालोद शहर में कनिष्ठ अभियंता के पद पर पदस्थ नीतू नागवंशी ने कोतवाली थाना में ट्रक चालक राजकुमार के खिलाफ शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। कनिष्ठ अभियंता नीतू नागवंशी ने बताया कि 26 नवंबर को सुबह करीबन 11 बजे गंजपारा स्थित गजानंद राईस मिल बालोद के पास लगे ट्रांसफार्मर डीपी को ट्रक क्रमांक सीजी 08 एल 8171 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे विद्युत विभाग को आर्थिक क्षति पहुंची है। उक्त स्थल पर 3 नग पीसीसी पोल, माउरिण्ग चैनल एवं ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुआ है, जिसका अनुमानित राशि 96,567.19 रूपये है।

### मेढ़की में श्रीमद् भागवत कथा 1 दिसंबर से

**बालोद।** ग्राम मेढ़की में महिला मंडल मेढ़की द्वारा 1 से 9 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन हनुमान मंदिर प्रागंण में किया जाएगा। कथा वाचक पंडित लोकेश शर्मा तथा परायणकर्ता पंकज शर्मा व गौरव तिवारी होंगे। कथा दोपहर 1 बजे से 5 बजे व परायण का समय सुबह 5 बजे से 7 बजे तक आरती 7 से 8 बजे होगा। पहले दिन 1 दिसंबर को वेदी पूजन, कलश यात्रा, गौकर्ण महात्मय कथा होगी। 2 दिसंबर को भागवत कथा प्रारंभ, परीक्षित जन्म, बाराहवतार कथा, 3 को कपिल गीता, सति चरित्र, ध्रुव चरित्र कथा होगी। 4 दिसंबर को जड़ भारत चरित्र, प्रहलाद चरित्र, नरसिंह शेष पेज 13 पर



डौंडी नगर में आयोजित साहू समाज के सम्मान समारोह व गोदभराई कार्यक्रम में हुए शामिल

# उपमुख्यमंत्री साव ने एक करोड़ 80 लाख के विकास कार्यों की दी सौगात, किया भूमिपूजन





हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडी

छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साव डौंडी नगर में आयोजित पुलिस मैदान में साहू समाज के सम्मान समारोह और गोदभराई अन्नप्राशन कार्यक्रम में शामिल हुए।

नगर पंचायत डौंडी में अधोसरंचना मद से महतारी घाट डोमसेड एवं नाली निर्माण के लिए 1 करोड़ 43 लाख, 15वें वित्त से ट्यूबलर पोल, विद्युतीकरण कार्य के लिए 37 लाख के कार्यों का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि साहू समाज सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। हमारा समाज हर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहा है। छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा समाज होने के नाते सभी समाजों को साथ लेकर चलने की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्होंने जिले में पहली बार आयोजित सम्मान समारोह को ऐतिहासिक एवं गरिमामय बताते हुए इसके आयोजन के लिए समाज के पदाधिकारियों को बधाई दी उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि साहू समाज को और ज्यादा संगठित होकर सही नेतृत्व के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। हमारे समाज की प्रतिभाओं को प्रदेश और देश की प्रतिभा बनाने की जिम्मेदारी समाज की है। साहू समाज को नई सोच और जज्बे के शेष पेज 13 पर

### समाज के पदाधिकारियों ने हेलीपेड पर किया स्वागत

उपमुख्यमंत्री श्री साव के पहुंचने पर हेलीपेड में समाज के पदाधिकारियों के साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष पवन साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष झा, डोंडी नपा अध्यक्ष सोमेश सोरी, अजय चौहान, स्वाधीन जैन, अजय अग्रवाल, जयदीप गुप्ता ने उनका स्वागत किया। उसके बाद कार्यक्रम स्थल पर फूलों की वर्षा कर समाज की महिलाओं ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव का स्वागत किया। एकता व्यापारी संघ के राजेंद्र नाहर, डौंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष तिलक दुबे, विश्व हिंदू परिषद से बलराम गुप्ता, प्रेम शुक्ला, बजरंग दल से शिवम दुबे, निखिल अग्रवाल, किसान संघ,पत्रकार संघ, सर्व आदिवासी समाज सहित विभिन्न संगठनों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।

### प्रदेश अध्यक्ष ने दिया सामाजिक जनगणना का सुझाव

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने कहा कि समाज के अधिकारी-कर्मचारी बुद्धिजीवी वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं। समाज को सही दिशा दिखाने का दायित्व बुद्धिजीवी वर्ग का है। साहू समाज ने पिछले कुछ वर्षों में सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए सार्थक कदम उठाए हैं। हमें आगे भी इसे जारी रखना है। सामाजिक संगठन में योग्य लोगों की सहभागिता बढ़ाने के लिए हमारी निर्वाचन प्रणाली को बदलने की जरूरत है। उन्होंने प्रदेश में साहू समाज के लोगों की सही संख्या का पता लगाने साहू समाज द्वारा सामाजिक जनगणना का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि हमारे समाज को ऐसा काम करना है जिसका अनुसरण अन्य समाज भी करें।

# नगरीय निकायों में ठेका प्रथा बंद करे सरकार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| डोंडी

- प्लेसमेंट कर्मचारियों ने उपमुख्यमंत्री साव को सौंपा ज्ञापन

प्रदेश के नगरीय निकायों में ठेकाप्रथा बंद करने उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव को ज्ञापन सौंपा गया। श्री साव के नगर पंचायत डोंडी आगमन के दौरान प्रदेश के नगरीय निकायों में प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे शासन के महत्वपूर्ण काम जैसे जनगणना, निर्वाचन, प्रधान मंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, राशन कार्ड, जन्म मृत्यु पंजीयन, कर वसूली निर्माण संबंधी कार्य, साफ सफाई कार्य, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति कार्य कई वर्षों से पूरी निष्ठा से किए जाते हैं। लेकिन, उन्हें ठेका पद्धति के माध्यम से भुगतान किया जाता है जिसके कारण निकायों से कमीशन के रूप में एक बड़ी राशि हर माह ठेकेदारों को जाती है। इससे शासन को पूरे प्रदेश स्तर पर करोड़ों का नुकसान होता है । साथ ही नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमैंट कर्मियों का भविष्य भी अंधकारमय प्रतीत होता है।

नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ की प्रमुख मांग अनुसार नगरीय निकायों में चल रहे ठेका प्रथा को बंद कर शासन के अन्य विभाग जैसे पीडब्ल्यूडी, वनविभाग, पीएचई की तर्ज पर सीधे निकाय से भुगतान करने एवं उनकी समस्याओं से उपमुख्यमंत्री साव को नगर पंचायत अध्यक्ष शेष पेज 13 पर

# दो दिन की हड़ताल के बाद अपने काम पर लौटीं स्वच्छता दीदियां



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

एक ओर जहां जिले के नगर पालिका, जनपद पंचायत के तमाम प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं, जिससे विभागीय कार्य ठप पड़ चुका है तो वहीं दूसरी ओर सफाई व्यवस्था की बागडोर संभालने वाली जिले की 200 से अधिक स्वच्छता दीदियां दो दिनों तक हड़ताल पर रहने के बाद वापस कार्य पर लौट आई हैं, यानिकि फिर से घरों तक डोर टू डोर कचरा संग्रहित करने का कार्य शुरू हो गया है।

बता दें कि स्वछता दीदियों द्वारा अपनी तीन मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया था। इनकी मांग पूरी नहीं हुई है। ऐसे में स्वच्छता दीदियां कभी भी हड़ताल पर जा सकती हैं। जानकारी के अनुसार जिले की करीब 200 स्वच्छता दीदियों ने 24 और 25 नवंबर को दो दिवसीय जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया और रैली निकालकर प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस बीच दो दिन तक जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक मुख्यालयों में लोग अपने घरों के कचरे को बाहर ही खुले में फेंक रहे थे, वहीं कई लोग दो दिनों तक कचरा अपने घर पर ही रखे थे और जब स्वच्छता दीदियां हड़ताल से वापस अपने कार्य पर लौटीं, तो उन्हें कचरा दिया गया।

जानकारी के अनुसार इनकी तीन प्रमुख मांग कलेक्टर दर पर वेतन, सभी कर्मचारियों का पीएफ राशि काटने सहित साप्ताहिक अवकाश देने की मांग सम्मिलित है। हालांकि अभी मांग पूरी नहीं हुई है।






भाजपा नेता राकेश ने विभाग द्वारा आयोजित भूमिपूजन में उपेक्षा का लगाया था आरोप

# बालोद से हटाए गए सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता पीयूष देवांगन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

सिंचाई विभाग द्वारा करोड़ों की लागत के कार्यों का भूमिपूजन में भाजपा जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के बाद जनसेवक राकेश यादव की नाराजगी विभाग के कार्यपालन अभियंता को भारी पड़ गई। राकेश यादव की नाराजगी के बाद प्रदेश सरकार ने कार्यपालन अभियंता पीयूष देवांगन को बालोद से हटाकर अधीक्षण अभियंता शिवनाथ मंडल दुर्ग में संलग्न कर दिया गया है।

मामला दो दिन पुराना है। मिली जानकारी के अनुसार सिंचाई विभाग द्वारा बिरेतरा डायवर्सन के लिए भूमिपूजन कराया गया। विभाग ने भूमिपूजन में विधायक संगीता सिन्हा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष चद्रेश हिरवानी को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। बताया जा रहा है कि सिंचाई विभाग ने भूमिपूजन कार्य में सांसद, जनपद





क्रमांक 3317018/छ.ग./2024/
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़,
शिवनाथ-भवन, नार्थ ब्लॉक सेक्टर-19,
नवा रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर
दिनांक /11/2024

-: आदेश :-

श्री पीयूष देवांगन, कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, बालोद को ... वैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक अधीक्षण अभियंता, ... मंडल, दुर्ग में कार्य संपादित करने हेतु आदेशित किया जाता है।

इनका वेतन/भत्ते मूल पदस्थापना कार्यालय से आहरित होंगे एवं उक्त आदेश के ... उन्हें किसी भी प्रकार के यात्रा भत्ता आदि की पात्रता नहीं होगी।

प्रमुख अभियंता,
जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़,
नवा रायपुर, अटल नगर

क्र. 3317018/छ.ग./2024/10548 दिनांक 27/11/2024

अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य सहित भाजपा नेताओं की पूरी तरह अनदेखी की थी। जब इसकी जानकारी जन सेवक राकेश यादव को हुई, तब उन्होंने अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए नाराजगी व्यक्त की। राकेश यादव के तीखे तेवर के बाद मामला राज्य शासन तक पहुंचा और विभाग ने इसे जल संसाधन संभाग बालोद की गंभीर त्रुटि मानते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से बालोद कार्यपालन अभियंता पीयुष देवांगन को प्रभार से हटा दिया। प्रमुख अभियंता द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग बालोद पीयुष देवांगन अब वैकल्पिक, आंतरिक व्यवस्था के अंतर्गत अधीक्षण अभियंता शिवनाथ मंडल दुर्ग में कार्य संपादित करेंगे। अर्थात वे अब बालोद के प्रभार में नहीं रहेंगे। बिरेतरा डायवर्सन से बिरेतरा, मेढ़की सहित दर्जरभर ग्रामों की 316 हेक्टअर कृषि भूमि में सिंचाई होगी, जिसमें 8 किलोमीटर लंबी नहर लाईनिंग का कार्य होगा। इतने महत्वपूर्ण कार्य के लिए क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा करने एवं कांग्रेस नेताओं को महत्व देने के मामले में जिले के राजनीतिक क्षेत्र में तीखी प्रतिक्रियाएं देखी जा रही थीं। राकेश यादव ने कहा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की इस प्रकार की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### महिला ने लगाई फांसी

**बालोद।** ग्राम सकरौद निवासी जानकी बाई 30 वर्ष ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय पति व बच्चे घर से बाहर गए हुए थे, जबकि जानकी खेत में धान कटाई के लिए गई थी। थाना रनचिरई से मिली जानकारी के अनुसार 26 नवंबर को जानकी का पति बालोद में चौकीदारी करने के लिए गया था। जाते समय वह अपने बच्चों को उनकी मौसी के पास छोड़ने के लिए अपने साथ बालोद लेकर गया था। वहीं, महिला को घर के खेत में धान कटाई के लिए छोड़ कर आया था। जब 27 नवंबर को सुबह पति चौकीदारी का काम करके अपने घर लौटा, तो दरवाजा अंदर से बंद था। जैसे-तैसे दरवाजा खोलकर भीतर पहुंचा, तो कमरे में उसकी पत्नी की लाश फांसी के फंदे पर लटकती मिली।

### खड़े ट्रक से टकराई बाइक, युवक घायल

**गुरूर।** अपने भतीजे के लिए लड़की देखकर वापस घर जा रहे युवक की बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना में बाइक सवार घायल हो गया, जिो स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धरमपुरा निवासी जीवराखन सिन्हा अपने भतीजे के लिए लड़की देखकर वापस अपने घर जा रहा था। इस बीच ग्राम कपरमेटा के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से उसकी बाइक टकरा गई। इससे वह घायल हो गया। सड़क किनारे खड़े ट्रक में ट्रक चालक द्वारा सुरक्षा के मापदंडों की उपेक्षा की गई थी, जिससे रात के अंधेरे में ट्रक दिखाई नहीं दिया। घायल युवक को गुरूर स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया, जहां से युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए धमतरी रेफर कर दिया गया है।

### युवती को चाकू मारकर मोबाइल लूटा, आरोपी को दस साल सजा

**भिलाई।** अतिरिक्त लोक अभियोजक चतुर्थ अपर न्यायाधीश जिला न्यायालय दुर्ग ने युवती को चाकू मारकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी का दस साल सश्रम कारावास व 5 हजार रुपए अर्थदंड की सजा दी है। आरोपी युवक अभिषेक जोशी पिता स्व. महेन्द्र जोशी को भा.द.सं. की धारा 394 सहपठित धारा 397 के तहत दोषी पाया गया। प्रकरण के मुताबिक थाना भिलाई नगर, जिला दुर्ग में प्रार्थिया सरोजबाला पाण्डेय के द्वारा इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 4 नवंबर 2020 को समय दोपहर 11.15 बजे से 12 बजे के मध्य उसकी बेटी आयुषी पांडेय पुस्तक लेने सेक्टर-10 जाने के लिये निकली।

## निधन

### त्रिवेन्द्र कुमार सोनबेर



**गुरूर।** ग्राम पलारी निवासी त्रिवेन्द्र कुमार सोनबेर का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे पुरानिकराम सोनबोर व लीलादेवी सोनबेर के बेटे व करूणा सोनबेर के पति, पूर्वांशी सोनबेर के पिता थे।

**शपथ ग्रहण : किसानों से कहा, कोई भी समस्या हो हमें बताएं, दूर करने का किया जाएगा प्रयास**

# समितियों के प्राधिकृत अधिकारियों ने लिया कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सेवा सहकारी समिति अरमरीकला में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। प्राधिकृत अधिकारी पुरुषोत्तम गंगबेर ने शपथ ली।

इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री नरेश कुमार साहू, मांगीलाल चांडक, डॉ हरिकृष्ण गंजीर, धनराज गंजीर, डोमन प्रसाद तिवारी, नारदराम साहू, ईश्वर बंजारे, विजय साहू, हीरामणी साहू, हीरामन देवांगन, रामअवतार साहू, बोधी राम साहू, डॉ निर्मलकांत साहू, तिजूराम मांडवी, भूपत राम साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर नरेश कुमार साहू तथा डॉ गंजीर ने प्राधिकृत अधिकारी पुरुषोत्तम गंगबेर को किसानों के हित में काम करने तथा उनकी समस्या को सरलता से निपटाने का सुझाव दिया। वहीं, श्री गंगबेर ने कहा कि मैं सभी को साथ लेकर काम करूंगा और किसानों की जो भी समस्या होगा उसका समाधान करने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अरमरीकला जगदीश प्रसाद साहू, सुपरवाइजर रामस्वरूप सिन्हा, प्रभारी प्रबंधक यशवंत कुमार, राकेश साहू, मोहनी साहू, राहुल साहू, हेमंत साहू, इंद्रमण साहू, जोधन यादव एवं ग्राम के किसान उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जगदीश प्रसाद साहू ने किया और आभार यशवंत साहू प्रभारी प्रबंधक ने किया।



### प्राधिकृत अधिकारी छगन ने लिया पदभार




**गुरूर।** सेवा सरकारी समिति कंवर में प्राधिकृत अधिकारी छगन साहू ने पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान समिति के अधिकारी-कर्मचारी, भाजपा नेता और किसान उपस्थित थे।



### देवकोट बूथ क्रमांक 168 के अध्यक्ष बने गन्नू

**गुरूर।** ग्राम देवकोट बूथ क्रमांक 168 (भिराई) शक्तिकेंद्र में भाजपा प्रदेश संगठन के आह्वान पर भाजपा जिला के निर्देशानुसार संगठन के सब से अंतिम सोपान बूथ स्तर का चुनाव निर्विरोध सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। यहां गन्नू यादव को बूथ अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस चुनाव को संपन्न कराने के लिए मण्डल से प्रभारी लखनलाल गुरुपंच, सह प्रभारी ललित गजेंद्र की उपस्थित थे। साथ ही संगठन जिला भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग महामंत्री गुलाब राम सिन्हा, पूर्व बूथ अध्यक्ष कमलेश साहू, नेकराम सिन्हा, ग्राम पटेल शिवराम साहू, राकेश साहू, द्रोणाचार्य सिन्हा, झूमुक सिन्हा, यशवंत साहू व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### प्राधिकृत अधिकारी के रूप में हितेश्वर ने ली शपथ

**गुरूर।** सेवा सहकारी समिति गुरुर में प्राधिकृत अधिकारी के रूप में हितेश्वर श्याम को भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल साहू ने शपथ दिलाई। हितेश्वर श्याम इसके पूर्व भी निर्वाचित अध्यक्ष के रूप में समिति में कार्य कर चुके हैं। उन्हें डिफाल्टर हो चुकी समिति को लाभ में पहुंचाने का श्रेय जाता है। उनके कार्य एवं निर्विवाद छवि को देखते हुए प्रदेश सरकार ने उन्हें प्राधिकृत के रूप में पुनः सेवा देने का अवसर दिया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लगातार किसानों के हित में कार्य किया जा रहा है जिसमें जहां भाजपा की सरकार द्वारा धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि की गई है, उन्होंने उपस्थित किसानों से धान खरीदी एवं नापतौल के जानकारी ली। इस अवसर पर नंदकिशोर शर्मा, ईशा प्रकाश साहू, यादराम साहू, लेखक चतुर्वेदी, पन्नालाल साहू, समिति प्रबंधक संत कुमार साहू, दुष्यंत साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर श्रवण कुमार साहू सहित किसान उपस्थित थे।

### पोंडी समिति में प्राधिकृत अध्यक्ष सोमन ने लिया पदभार



**लाटाबोड़।** बालोद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पोंडी में संचालित सेवा सहकारी समिति में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जारी है। यहां प्राधिकृत अध्यक्ष सोमन लाल साहू ने पदभार ग्रहण किया। समिति के कर्मचारी, सरपंच, पंचायत सचिव एवं पटवारी ने श्री साहू का स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि किसानों को खरीदी केन्द्र में किसी भी प्रकार से परेशानियों न हो, नियमतः खरीदी मेरा प्रथम लक्ष्य है। इस दौरान उन्होंने सभी कर्मचारियों को सहयोग प्रदान करने की अपील की। इस अवसर पर सहायक समिति प्रबंधक मनोज कुमार साहू कंप्यूटर आपरेटर निर्मल साहू सहित समस्त कर्मचारी उपस्थिति थे। प्राधिकृत अध्यक्ष सोमन लाल साहू ने कहा कि खरीदे गए धान का परिवहन नहीं होने के कारण जाम की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि यही स्थिति रही, तो कुछ दिनों बाद खरीदी प्रभावित होने की संभावना है।

# गुंडरदेही में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दाऊ ढालसिंह दिल्लीवार की जयंती मनाई गई

**देवरीबंगला।** दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रीय समाज के पुरोधा दाऊ ढालसिंह दिल्लीवार की बुधवार को जयंती मनाई गई। दाऊ ढाल सिंह दिल्लीवार की जन्म स्थली ग्राम पिरिद है।

गुण्डरदेही रेस्ट हाउस के सामने दाऊ ढालसिंह दिल्लीवार की प्रतिमा स्थापित की गई है, जहाँ प्रतिवर्ष दिल्लीवार समाज द्वारा उनकी स्मृति में सभा आयोजन कर जयंती मनाई जाती है। उनके सामाजिक, राजनीतिक विचारों को आदर्श मानकर समाज सतत प्रगति के मार्ग पर अग्रसर दिखाई देता है। वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे, जिन्होंने समाज में चेतना जगाई। नई पीढ़ी को उनके आदर्शों के बारे में जानना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व विधायक दुर्ग दाऊ ढाल सिंह दिल्लीवार योगदान आजादी के आंदोलन से लेकर स्वतंत्र भारत के जनहित कार्यों में रहा है। उनका जन्म 27 नवंबर 1897 को ग्राम-पिरीद जिला बालोद छत्तीसगढ में हुआ था। सन 1921 में स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हुए थे। 1926 में क्रांतिकारी युवक का नाम दिया गया (मात्र 24 वर्ष की उम्र में)। 1930 में नमक एवं जंगल सत्याग्रह में शामिल हुए तथा 1935 में कांग्रेस सेवा दल की सदस्यता ग्रहण की। सन 1937 में दुर्ग जिला लोकल बोर्ड के चेयरमेन एवं प्रांतीय कांग्रेस के सदस्य में चयन हुआ। सन 1939 में त्रिपुरी जबलपुर कांग्रेस अधिवेशन में शामिल हुए तथा गांधी जी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस तथा सीतारमैय्या के साथ जेल आंदोलन में शामिल हुए। सन 1940 सत्याग्रही तैयार करने मंटग (पाटन) क्षेत्र का भ्रमण किया। 12 मई 1941 को गांधी चौक दुर्ग की सभा से बलपूर्वक अंग्रेजों द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। सन 1941 से 1945 तक नागपुर, दमोह, जबलपुर के जेलों में रहे। जेल में महान क्रांतिदूत संत विनोबा भावे और अब्दुल कलाम आजाद लंबे समय तक एक ही कोठरी में रहे।



# जल्दी हो गई तौलाई, तीन दिन के भीतर खाते में आ गई रकम

## किसानों ने बताया धान बिक्री का अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद







जिले के बालोद विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र सांकरा क के अंतर्गत ग्राम जमरूवा के कृषक धनसिंह साहू एवं ग्राम हथौद के कृषक होमलाल साहू ने इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए की गई व्यवस्था की सराहना की है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के घोषणा के अनुरूप धान खरीदी केन्द्र में प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से धान की खरीदी सुगमता से की जा रही है। उन्होंने बताया कि धान की बिक्री राशि हमारे खाते में मात्र 72 घण्टे में जमा हो गई।

किसान धनसिंह साहू ने बताया कि व धान बिक्री हेतु मिले टोकन के अनुसार निर्धारित तिथि 19 नवंबर को धान खरीदी केन्द्र सांकरा क में पहुँचे। वहां उन्होंने कुल 33 क्विंटल मोटा धान की बिक्री की। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक मशीन से तौलाई करने से धान की बिक्री करने में समय की भी बचत हो रही है। साथ ही बारदाना खराब होने की समस्या से भी निजात मिली है। इसी तरह ग्राम हथौद के किसान होमलाल साहू ने बताया कि 14 नवंबर को किए गए धान बिक्री की राशि उनके खाते में मात्र 72 घण्टे के भीतर जमा हो गई। धान खरीदी केन्द्र सांकरा क के प्राधिकृत अधिकारी यशवंत सिन्हा, सरपंच दिनेश सिन्हा तथा धान बिक्री करने पहुँचे दुर्गेश्वर देवांगन, मेहरूराम ठाकुर सहित अन्य कृषकों ने भी व्यवस्था की सराहना की है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्र में बैठक, शुद्ध पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा धान खरीदी केन्द्र में अवैध धान की बिक्री एवं किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की रोकथाम के लिए सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है।

# कांग्रेस भवन डौडीलोहारा में डॉ. आंबेडकर को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौडीलोहारा

संविधान दिवस के उपलक्ष्य में 26 नवंबर दिन बुधवार को कांग्रेस भवन डौडीलोहारा में संविधान निर्माता ,भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीम राव अंबेडकर को याद किया गया।

उपस्थित जनों ने कहा कि उनके द्वारा दिये गये योगदान को सदियों तक भुलाया नहीं जा सकता। हम रहें या न रहें बाबा साहब का नाम सदियों तक अमर रहेगा। भारतीय संविधान से देश के करोड़ों दलित, आदिवासी, वंचित, पिछड़ा, सर्वहारा समाज का उत्थान व कल्याण हो पाया है। कार्यक्रम में प्रदेश प्रतिनिधि अनिल लोढा, जिला महामंत्री हस्तीमल सांखला, गोपाल प्रजापति अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस डौडीलोहारा, गोविन्द चंद्राकर, सरोज पटेल, राजाराम तारम, कल्याण गिरी गोस्वामी, रविकुमार साहू, दिनेश कुमार गुप्ता, अमृत ठाकुर सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# देवेन्द्र के घर पहुंचे जनप्रतिनिधि व नेता, उनकी माता को दी श्रद्धांजलि

**डौंडीलोहारा।** भाजपा नेता व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल की माता जमुना बाई जायसवाल का 20 नवम्बर को निधन हो गया था।



उनकी श्रद्धांजलि सभा, शांति भोज व गंगा पूजन का कार्यक्रम जायसवाल परिवार द्वारा 26 नवंबर को आयोजित की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक अभय राम, पूर्व संगठन मंत्री रुपनारायण सिन्हा, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव राजनांदगांव, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू, गुण्डरदेही विधायक कुंवर निषाद, पूर्व बालोद विधायक भैय्या राम सिन्हा, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, कांकेर भाजपा अध्यक्ष सतीश लाटिया, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल राजपूत, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष लेखराम साहू, पूर्व कोषाध्यक्ष मोहन लाल जैन, नगर के प्रमुख हस्तीमल सांखला, गौकरण सिन्हा, छत्तीसगढ़ कलार समाज के प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा, कोषाध्यक्ष डा बिसम्बर सिन्हा, प्रदेश सलाह कार व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भोजराज डड़सेना, उद्योगपति राजा जायसवाल रायपुर, आयुष विश्व विधालय के कुलसचिव डा. दिनेश सिन्हा, समाजसेवी डा किशोर सिन्हा, गोपाल टावरी, टिकेश्वरी सिन्हा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**स्कूल परिसर में 20 लाख की लागत से किया गया है टीना शेड का निर्माण**

# ग्राम अचौद में पूर्व सांसद मंडावी ने किया निर्माण कार्य का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर






गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम अचौद में ग्रामवासियों की मांग पर स्कूल परिसर में टीना शेड निर्माण की मांग पर तत्कालीन सांसद मोहन मंडावी ने अधोसंरचना मद से 15 लाख की राशि जारी की थी। साथ ही जनपद अध्यक्ष सुचित्र हेमंत साहू ने भी 5 लाख रूपये की राशि जारी की थी।

टीना शेड निर्माण उपरांत जनप्रतिनिधि व ग्रामवासियों की उपस्थिति में पूर्व सांसद मोहन मंडावी ने फीता काटकर लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुण्डरदेही विधानसभा के विधायक कुंवर सिंह निषाद ने की। अतिथि जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष गुण्डरदेही सुचित्र साहू, जनपद सदस्य दीपक साहू, सरपंच उतरा चंद्राकर शामिल रहे। पूर्व सांसद मोहन मंडावी ने कहा कि जनता का दिया आशीर्वाद ही मेरी धरोहर है। पूर्व में सांसद के रूप में मुझे आपने चुना लेकिन आप सभी का प्रेम कभी कम नहीं हुआ और न ही होगा। एक जनप्रतिनिधि के नाते सेवा का अवसर मुझे मिला यह मेरा सौभाग्य है। विधायक कुंवरसिंह निषाद ने कहा कि जनता की मांग के अनुरूप कार्य करने के लिए सभी जनप्रतिनिधि संकल्पित हैं। गाँव के विकास में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी करना चाहिए।

जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि शेड निर्माण की मांग को हमारे तत्कालीन सांसद मोहन मंडावी ने सहर्ष स्वीकार कर स्वीकृति दी। वे इस क्षेत्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हुए कार्य किए हैं और उसी का परिणाम है कि आज यह टीना शेड निर्माण कार्य के लोकार्पण कार्यक्रम का हम साक्षी बन रहे हैं। इस महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने पर सभी ग्रामवासियों को उन्होंने बधाई दी और स्वीकृति के लिए पूर्व सांसद मोहन मंडावी का आभार जताया।

इस अवसर पर प्रमोद जैन, संतराम चंद्राकर, बसंत चंद्राकर, उपसरपंच हेमंत यदु, राजेंद्र साहू, घनश्याम साहू, उत्तम निर्मल, दुखुराम निर्मल, बलराम अँगारे, राधिका यादव, राजू यादव, राधिका चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, ताम्रज निर्मल, शकुन चंद्राकर, राजेन्द्र भारती, विजय कुमार सिन्हा, सागर साहू, पेन्सू साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# मूर्तिकला 3डी आर्ट, शास्त्रीय व सामूहिक वादन में बालक शाला के बच्चों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- ये बच्चे रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बालोद जिले का करेंगे प्रतिनिधत्व






प्रत्येक वर्ष की भांति जिला स्तरीय कला महोत्सव 2024 का आयोजन कला केंद्र बालोद में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि डीपीसी डीपी कोसरे थे। जिला कार्यक्रम के नोडल अरुण साहू व एपीसी लेखराम साहू के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ। इस वर्ष कला उत्सव में परिवर्तन करते हुए 8 विधाओं गायन, वादन, नृत्य, नाटक, चित्रकला, मूर्तिकला नाटक, कहानी वाचन के अंतर्गत प्रतियोगिता एकल तथा सामूहिक रुप में आयोजित की गई। इसमें बालक शाला डौडीलोहारा से मूर्ति कला 3डी आर्ट में लाकेश पांडे 10वीं, शास्त्रीय वादन में भोजराज सिन्हा और सामूहिक वादन में पूनम, छात्रेश ,उज्जवल, यशवंत ने गड़वा बाजा बजाकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनकी मार्गदर्शक शिक्षिका एनुका शार्वा के नेतृत्व में लगातार 6 वर्षों से हमेशा अपने चार से पांच विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय तथा एक बार राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा चुकी हैं। ये बच्चे 3 से 5 दिसंबर के बीच रायपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बालोद जिले का प्रतिनिधत्व करेंगे। स पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रभारी प्राचार्य प्रदीप मेश्राम ने मार्ग दर्शक शिक्षिका और चयनित बच्चों को बधाई देते हुए कड़ी मेहनत और अभ्यास करने के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में प्रभारी शिक्षक अविनाश साहू और तेजेश्वरी साहू उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप




### श्रम संहिता वापस लेने किया विरोध-प्रदर्शन

**रायपुर।** श्रम संहिता वापस लेने और किसानों से समर्थन मूल्य की गारंटी के कानून की मांग को लेकर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच एवं संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा विरोध-प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन मंगलवार को डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा के पास किया गया। प्रदर्शन प्रदेश में भिलाई, कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर, धमतरी, अंबिकापुर सहित प्रदेश के अन्य स्थानों में भी आयोजित किया गया। इस मौक पर सीटू के राज्य सचिव एमके नंदी, सीजीआईईए के महासचिव धर्मराज महापात्र, एसटीयूसी के सचिव एससी भट्टाचार्य, आरडीआईईयू के महासचिव सुरेंद्र शर्मा ने संबोधित करते हुए 4 वर्ष पूर्व किसान आंदोलन तथा सरकार के विभिन्न दमनात्मक कार्यवाहियों, श्रम कानूनों को लेबर कोड में बदलने का फैसला, किसानों की आय दुगनी करने का, ठेका प्रथा समाप्त कर नई भर्ती का, राशन प्रणाली को सार्वभौम बनाने, न्यूनतम वेतन 26 हजार करने, न्यूनतम पेंशन 10 हजार करने, ट्रेड यूनियनों के पंजीयन में रोड़ा पैदा करने वाली नीतियों सहित विभिन्न मांगों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रदर्शन में सीटू नेता मारुति डोंगरे, सुभाष साहू, सूरज दीप, मसूद अंसारी, आरिफ दहिया, कौशल ईश्वर सेन सहित अनेक साथी उपस्थित थे।

### मंत्री राजवाड़े भी अब नवा रायपुर में, किया गृह प्रवेश

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने नवा रायपुर स्थित नवनिर्मित शासकीय आवास में अपने परिजनों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर गृह प्रवेश किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्री श्रीमती राजवाड़े को उनके नए आवास में प्रवेश के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। गृह प्रवेश समारोह में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक एवं पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर, किरण देव, इंद्र कुमार साहू, धर्मजीत सिंह, पुरंदर मिश्रा, योगेश्वर राजू सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती राजवाड़े को अपनी शुभकामनाएं और बधाई दी।

### गोसेवा आयोग के अध्यक्ष बने विशेषर

**रायपुर।** राज्य सरकार ने विशेषर सिंह पटेल को राज्य गोसेवा आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। पशुधन विकास विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। विशेषर पटेल कबीरधाम जिले से हैं। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ के पशुपालन और गोसेवा के क्षेत्र में नए बदलाव और विकास की दिशा में काम करने के लिए किया गया है।

### जिले में 13 हजार 72 टन धान की हुई खरीदी

**रायपुर।** समर्थन मूल्य पर रायपुर जिले में मंगलवार को 13 हजार 72 टन धान की खरीदी की गई। इस तरह जिले में अब तक 139 उपार्जन केन्द्रों में 19 हजार 190 किसानों से 78 हजार 852 टन धान की खरीदी हुई है।
इन किसानों से 181 करोड़ 53 लाख रुपए की धान की खरीदी की गई है।

### सिवनी में दीपावली मिलन समारोह में देवांगन समाज के जिला अध्यक्ष ने कहा

# लव जिहाद व धर्मांतरण के खिलाफ समाज को एकजुट होना होगा : दीपक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला देवांगन समाज का दीपावली मिलन एवं सामाजिक बैठक का आयोजन ग्राम सिवनी स्थित मां परमेश्वरी जिला सामाजिक भवन में हुआ।

देवांगन कुल की कुलदेवी मां परमेश्वरी देवी की पूजा अर्चना के बाद अध्यक्ष जिला देवांगन समाज बालोद दीपक देवांगन की अध्यक्षता में सामाजिक बैठक हुई। बैठक में जिला बालोद के बंधु, महिला प्रकोष्ठ, एवं युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष तथा पदाधिकारी उपस्थित थे। साथ ही विकासखंड इकाई, ग्राम, नगर और मंडल इकाई के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। पूर्व जिला अध्यक्ष जिला देवांगन समाज बालोद केदार देवांगन ने कहा कि समाज को एकजुट होकर चलना चाहिए, ताकि समाज को सही दिशा मिल सके और समाज विकास कर सके। संरक्षक जिला देवांगन समाज बालोद सुरेंद्र देवांगन ने कहा सामाजिक नियमावली का पालन कर समाज के सभी समस्याओं का हल निकालना चाहिए। कोषाध्यक्ष प्रदेश देवांगन समाज वेद लाल देवांगन एवं उपाध्यक्ष प्रदेश देवांगन समाज पोषण देवांगन ने कहा कि दीपावली एकरूपता का पर्व है अंधकार को दूर कर उजाले की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है।

अध्यक्ष जिला देवांगन समाज बालोद दीपक देवांगन ने कहा कि हमारा समाज निरंतर प्रगति कर रहा है समाज की कुरीतियों को दूर कर समाज को एक नई दिशा प्रदान करेंगे। एक पद एक व्यक्ति नियमावली लाकर समाज के सभी स्वजातीय बन्धुओं को पदाधिकारी बनने का मौका दिया जाएगा, जिससे समाज के अधिक से अधिक लोग जुड़े और समाज के विकास कार्य के लिए ऊर्जावान होकर कार्य कर सके।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण बालोद जिला में लव जिहाद एवं धर्मांतरण के खिलाफ समाज को एकजुट होकर संगठित रूप से कार्य करना होगा। अध्यक्ष दुर्जन लाल देवांगन एवं सचिव जिला देवांगन समाज राजनांदगांव नरेंद्र देवांगन ने सामाजिक संगठन को मजबूत करने के लिए दिशा निर्देश दिए। बैठक में डॉक्टर लुपचंद देवांगन युवा अध्यक्ष और रामकुमार देवांगन कार्यकारिणी जिला देवांगन समाज राजनांदगांव भी उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई, जिसके तहत तीज मिलन समारोह के आय व्यय का ब्यौरा अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ जिला देवांगन समाज बालोद केसर देवांगन द्वारा दिया गया।

### समाज के पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

कार्यक्रम में जिला देवांगन समाज संरक्षक, सलाहकार, कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की गई, जिसमें संरक्षक जिला देवांगन समाज जिला बालोद पद हेतु पुष्पा लिमजे, धनंजय देवांगन, नरेंद्र देवांगन, डॉ. ताम्रध्वज देवांगन, जगदेव देवांगन, केदार नाथ देवांगन, सुरेंद्र देवांगन तथा सलाहकार जिला देवांगन समाज बालोद पद हेतु रोहित देवांगन, रामखिलावन देवांगन, मोहित देवांगन, एम एल देवांगन, डेरहा राम देवांगन, देवधर देवांगन, बीएल देवांगन साथ ही कार्यकारिणी सदस्य जिला देवांगन समाज बालोद नरेंद्र देवांगन, बिसेलाल लाल देवांगन, भूषण लाल देवांगन, खिलावन देवांगन, योगेश्वर देवांगन, गिरधारी देवांगन, टहल सिंह देवांगन तथा जिला प्रवक्ता जिला देवांगन समाज बालोद हर्षा देवांगन व सात ब्लॉक गुंडरदेही, दल्ली राजहरा, डौडी लोहारा, बालोद, अर्जुंदा, गुरुर, देवरी से संरक्षक, सलाहकार, कार्यकारिणी जिला देवांगन समाज मनोनीत कर साथ ही साथ शपथ ग्रहण कराया गया तथा सामाजिक प्रकरणों पर विचार विमर्श कर समस्याओं का समाधान किया गया।



# संविधान भारत की सदियों पुरानी संस्कृति, इतिहास और परंपराओं का आईना : सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संविधान दिवस के मौके पर पूरे छत्तीसगढ़ में जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रायपुर के मेडिकल कॉलेज में हुए कार्यक्रम में सीएम विष्णु देव साय शामिल हुए। संविधान दिवस पर पदयात्रा का भी आयोजन किया गया। कैबिनेट के मंत्री और स्कूली बच्चों ने इस पदयात्रा में हिस्सा लिया। खुद सीएम तिरंगा झंडा लहराते हुए पदयात्रा के आगे-आगे चले। संविधान दिवस पर निकाली गई पदयात्रा मेडिकल कॉलेज से शुरू होकर आंबेडकर चौक पर जाकर खत्म हुई। पदयात्रा के जरिए लोगों को संविधान और संविधान दिवस के महत्व को बताया गया। लोगों को संविधान की अहमियत और उसकी ताकत के बारे में बताया गया। आयोजन की शुरुआत में एक वीडियो डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। वीडियो डॉक्यूमेंट्री के जरिए ये बताया गया कि कैसे संविधान लिखा गया। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारा संविधान भारत की सदियों पुरानी संस्कृति, इतिहास और परंपराओं का आईना है। उन्होंने कहा, संविधान हमारे संघर्ष, अनुभव और उपलब्धियों का फल है।

### संविधान निर्माताओं ने अपनी इच्छाओं को नहीं लादा : साय

मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे संविधान निर्माताओं ने जहां पर मौलिक अधिकारों की बात लिखी है, वहां भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण की तस्वीर है। यह तस्वीर तब की है जब भगवान श्रीराम लंका विजय के बाद अयोध्या लौट रहे थे। हमें इस बात को समझना होगा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने इस तस्वीर के माध्यम से हमें क्या संदेश दिया है। संविधान में ऐसे कई चित्र और संकेत हैं, जिनके माध्यम से संविधान निर्माताओं ने बताने की कोशिश की है कि भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों के साथ लोकतंत्र को आगे बढ़ाना है। सीएम ने कहा कि हमारा संविधान विशेषताओं से भरा पड़ा है। हमारे संविधान की खासियत है कि जरूरत पड़ने पर इसमें संशोधन भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा, संविधान निर्माताओं ने देश पर अपनी इच्छाओं को लादा नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी के लिए कई गुंजाइशों को छोड़ा भी है, जिसका मकसद है, मुश्किल परिस्थितियों में जरूरत के मुताबिक संसोधन भी किया जाए।

# नगरीय चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा, नितिन नवीन सीएम, डिप्टी सीएम के साथ लेंगे संभागों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव की तिथि अभी तय नहीं हुई है, लेकिन भाजपा ने अपनी तैयारी प्रारंभ कर दी है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन इस माह के अंत में आ रहे हैं।

यहां पर वे पांचों संभागों की 30 नवंबर और एक दिसंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के साथ मिलकर बैठक लेंगे। इसमें नगरीय निकाय चुनाव को लेकर रणनीति पर मंथन होगा। इसी के साथ 30 नवंबर को पहले संगठन चुनाव को लेकर राज्य स्तरीय कार्यशाला होगी। इसमें मंडल और जिला संगठनों के चुनाव पर चर्चा की जाएगी। एक दिसंबर से मंडल और 15 दिसंबर से जिलों के चुनाव होने हैं।

नगरीय निकाय चुनाव यूं तो इस साल के अंतिम माह में होने थे, लेकिन लगता है अब ये अगले साल जनवरी या फरवरी में ही हो पाएंगे। चुनावों का ऐलान होने से पहले भाजपा ने इसको लेकर तैयारी करने का फैसला किया है। प्रदेश सरकार तो नगरीय निकाय चुनाव के साथ पंचायत चुनाव भी कराने के प्रयास में है।

### पहले दिन संगठन चुनाव पर कार्यशाला

30 नवंबर को सबसे पहले संगठन चुनाव को लेकर सुबह को राज्य स्तरीय कार्यशाला होगी। इसमें सभी जिलों के अध्यक्ष और महामंत्री शामिल होंगे। इनको बताया जाएगा कि राष्ट्रीय स्तर पर हुई कार्यशाला में मंडल और जिलों के चुनाव को लेकर क्या तय किया गया है। राष्ट्रीय संगठन ने 1 से 15 दिसंबर तक मंडल और 15 से 30 दिसंबर तक जिला अध्यक्षों का चुनाव तय किया है। कार्यशाला में चुनाव की प्रक्रिया से पदाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। इस बैठक में सदस्यता अभियान के साथ बूथ कमेटियों के चुनाव के बारे में भी जानकारी ली जाएगी। बूथ कमेटियों का चुनाव 30 नवंबर तक होना है।

## पेज 9 के शेष

### उपमुख्यमंत्री साव ने एक करोड़ ...

साथ आगे बढ़ना है। उन्होंने समाज के संगठन में महिला और युवा प्रकोष्ठ के साथ ही अन्य प्रकोष्ठों के गठन पर जोर दिया। तहसील साहू समाज अध्यक्ष सोमेश साहू ने कहा कि उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन से समाज के साथ सर्व समाज को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि हलधर साहू महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, पवन साहू सलाहकार छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, दीपक साहू पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड, प्रीतम साहू पूर्व विधायक , सोमन साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ, पंच कुमारी साहू उपाध्यक्ष सोमेश सोरी अध्यक्ष नगर पंचायत, मनीष झा अध्यक्ष भाजपा मंडल डौंडी, राकेश द्विवेदी दल्ली राजहरा और वही विशेष अतिथि तहसील अध्यक्ष मदन सोनबरसा युवराज साहू, महेंद्र साहू, मानसिंग सार्वा, राजेंद्र साहू, उमाशंकर साहू नरेंद्र हिरवानी, अंजनी साहू संयो महिला प्रकोष्ठ थे।

### नगरीय निकायों में ..

सोमेश सोरी एवम भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष झा ने अवगत कराया। इस पर मंत्री श्री साव ने बताया कि नगरीय निकायों में चल रहे ठेका प्रथा को खत्म करने शासन स्तर पर चर्चा चल रही है। इसका निराकरण जल्द ही लिए जाने का आश्वासन दिया गया। इस पहल पर नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, नगर पंचायत अध्यक्ष सोमेश सोरी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष झा का नगर पंचायत के प्लेसमेंट कर्मचारी चंद्रशेखर रावटे, संदीप यादव, पीतांबर यादव, सम्मेलाल साहू, दीपक साहू, विमल भुआर्या, किशोर यादव, इंद्राणी धनकर, लक्ष्मी भारद्वाज ने आभार व्यक्त किया।

# ग्राम सिवनी में हमारा शौचालय हमारा सम्मान' पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- विश्व शौचालय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए जिपं सीईओ





बुधवार को ग्राम पंचायत सिवनी में विश्व शौचालय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि जन जागरूकता के माध्यम से 'हमारा शौचालय हमारा सम्मान' पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ है। डौंडीलोहारा विकास खंड में स्वच्छाग्रही समूह बेहद ही सक्रिय है, जिसके माध्यम से विशेष जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को अधिक गति प्रदान करने के लिए ग्रामीणों को अवश्य रूप से शामिल करें। 'हमारा शौचालय हमारा सम्मान' पखवाड़ा के उद्देश्य एवं समय सारणी अनुसार ग्रामों में आयोजन करने स्वच्छाग्रही समूह व बिहान समूह के दीदियों के साथ जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों तथा शासकीय अमला सक्रिय रूप से कार्य में लगे हुए हैं। ये बेहद ही प्रशंसनीय है। इस गांव का स्वच्छ वातावरण व ग्रामीणों का एकजुट होकर विश्व शौचालय दिवस को सफल बनाने आज उपस्थित हुए हैं। ऐसा ही नजारा व एकता अन्य ग्रामों में दिखना चाहिए। तभी यह अभियान सफलता के पायदान पर होगा। घर घर शौचालय का निर्माण होने से हमारा बालोद जिला खुले में शौच मुक्त जिला का दर्जा प्राप्त किया है। ये सब आप लोगों की जागरुकता से संभव हो पाया है।

जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के सीईओ पंकज देव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबकी जागरुकता के कारण यह गांव स्वच्छ व सुन्दर दिख रहा है। घर-घर से कचरा संग्रहण का कार्य स्वच्छाग्रहियों के माध्यम से किया जा रहा है। अब हमारा विकासखंड बहुत ही जल्दी ओडीएफ प्लस की श्रेणी में आ जायेगा। यहां के ग्रामीण व जनप्रतिनिधि बधाई के पात्र हैं जिन्होंने सौ प्रतिशत यूजर चार्ज जमा कर लिया है। स्वच्छ भारत मिशन के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### निकाली स्वच्छता रैली

लगभग 1500 महिलाओं ने ग्राम से मुख्य मार्ग तक स्वच्छता रैली निकाली। इस दौरान स्वच्छता के संबंध में गगन भेदी नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। वहीं, दूसरी ओर तीन दल बनाकर महिलाओं ने नृत्य प्रस्तुत कर पुष्प वर्षा का मनोहारी दृश्य प्रस्तुत किया।

### बिखरी सांस्कृतिक कार्यक्रम की छटा

विश्व शौचालय दिवस में स्वच्छाग्रही समूह व बिहान समूह की महिलाओं ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के विभिन्न घटकों को जन जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक, नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया। कमकापार की स्वच्छाग्रही समूह व कसही की बिहान समूह ने स्वच्छता संबंधी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। सिवनी की बालिका मंडली ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से शौचालय को बेटियों का सम्मान बताया। निर्मला साहू एवं साथियों ने पर्यावरण संरक्षण पर लघु नाटिका प्रस्तुत कर प्रेरणा दिया।

### स्वच्छाग्रहियों व बिहान समूह की दीदियों में गजब का जज्बा

विश्व शौचालय दिवस मनाने पहुंचे जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने ग्राम पंचायत सिवनी में सभी स्वच्छाग्रही समूह व बिहान समूह की बहनों के बीच अपना जन्मदिन मनाया। सीईओ श्री कन्नौजे ने कहा कि मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता हो रही है कि यहां की महिला समूह की दीदियों में काफी जोश और जज्बा है, उन्हें मैं शैल्यूट करता हूं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे, उप संचालक आकाश सोनी, जनपद उपाध्यक्ष पोषण बनपेला, जनपद पंचायत सीईओ पंकज देव, सरपंच नेतराम तारम, उप सरपंच हरेश्वर सिन्हा सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।




# विस सत्र के लिए सभी विधायकों ने लगाए ऑनलाइन सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के लिए सभी विधायकों ने ऑनलाइन सवाल लगाए हैं। अब तक 639 सवाल लग चुके हैं।

20 तारीख से सवाल लगाने का क्रम शुरू हुआ, पहले तीन दिनों में केवल 109 सवाल लगाए गए थे। वहीं चौथे दिन 415 सवाल लगे। पांचवें दिन 111 सवाल विधायकों द्वारा लगाए गए। सत्र के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों और अन्य मामलों को लेकर विपक्ष अपनी तैयारी जुट गया है। विधानसभा में पिछले दो सत्रों के दौरान विधायकों से सवाल के लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन विपल्प रखा था। 16 से 20 दिसंबर तक होने वाले सत्र को लेकर विधानसभा सचिवालय ने तैयारी शुरू कर दी है।

सत्र के दौरान नए विधायक को शपथ दिलाने के साथ राज्य सरकार अनुपूरक बजट और कुछ विधेयक भी लाएगी। सवाल लगने का क्रम सत्र शुरू होने के एक सप्ताह तक चलेगा। उसके बाद ध्यानाकर्षण और अन्य प्रस्ताव दिए जा सकेंगे। सदस्यों द्वारा उठाए गए सवालों पर विभागों से जवाब मंगाए जा रहे हैं। विपक्ष की ओर से खाद्य एवं कृषि और गृह विभाग के सवाल अब तक अधिक लगाए गए हैं। वहीं नगरीय प्रशासन और लोक निर्माण विभाग के सवाल भी लगाए गए हैं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### किसानों ने किया बारदाना मंगाने के आदेश का विरोध

**बालोद/कलंगपुर।** भारतीय किसान संघ जिला बालोद के सदस्यों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा, जिसमें शासन द्वारा किसानों के बारदाना में धान खरीदी करने के आदेश का विरोध किया गया है। संघ ने शासन से बारदाना की व्यवस्था स्वयं करने एवं धान बेचने में किसानों को किसी भी तरह की असुविधा न हो ऐसी व्यवस्था करने की मांग की है। इस दौरान भारतीय किसान संघ जिला बालोद के अध्यक्ष सांवत राम साहू, उपाध्यक्ष देवी लाल डड़सेना, जिला जैविक प्रमुख मनहरन साहू, गुण्डरदेही ब्लाक अध्यक्ष ताम्रध्वज साहू, देवव्रत साहू, गुरुर ब्लाक उपाध्यक्ष जीवन लाल साहू व डॉ खुमान सिंह साहू, रीखीराम, रोमनाथ साहू एवं अन्य किसान उपस्थित थे।

### आरएसएस के कार्यों को गति देने विभिन्न संगठनों की हुई बैठक

**बालोद।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कार्य को गति प्रदान करने के लिए विविध संगठनों के गुण्डरदेही खंड की बैठक सामुदायिक भवन गुंडरदेही भाजपा कार्यालय के पास आयोजित की गई। यह बैठक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ छत्तीसगढ़ के प्रांत प्रचारक ने ली। खण्ड कार्यवाह गुण्डरदेही वेदप्रकाश साहू ने बताया कि गुण्डरदेही खंड में निवासरत विविध संगठन, भाजपा, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, ग्राम भारती भारती किसान संघ के प्रांत, जिला, खण्ड के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### चाकू अड़ाकर दो लोगों से चैन व मोबाइल लूट

**भिलाई।** दुर्ग में दो युवकों को चाकू के दम पर मोबाइल व चांदी के चैन व नगदी रकम लूट ली गई।कोतवाली पुलिस दुर्ग ने अपराध दर्ज कर लिया है। प्रार्थी गोविंद कुंभकार पिता स्व सुरेश कुंभकार उम्र 23 साल निवासी वार्ड नंबर 1 नयापारा दुर्ग का रहने वाला है। सुबह लगभग करीब 4 बजे वह अपने दोस्त यशराज साहू, देवेन्द्र यादव एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 सीएक्स 5788 से भेढारवानी गांव बरात से वापस घर नयापारा दुर्ग आ रहे थे। उसी समय ब्रम्हकुमारी भवन के सामने बघेरा दुर्ग के पास दो युवक सीजी 07 बीएफ 1095 को गाडी के सामने अड़ाकर रुकवाए और चाकू दिखाकर मोबाइल, दो चांदी की चैन व नगदी सहित कुल कीमती 25 हजार 700 रुपए लूट लिए। पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ धारा 126 (2) 296 , 351(2), 309 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### कुक ने की आत्महत्या

**भिलाई।** सुपेला थाना अंतर्गत केडिया डिस्टलरी प्लांट के संचालक के घर में काम करने कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक अन्य स्टॉफ कर्मियों के लिए खाना बनाने का काम करता था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना पुलिस ने बताया कि घटना डिस्टलरी संचालक नवीन केडिया के नेहरू नगर स्थित बंगले की है। बीती रात करीब 11.45 से 12 बजे के बीच कर्मचारी ने फांसी लगाई।

**आयोजन : संविधान के संबंध में दी गई जानकारी, प्रस्तावना का किया गया वाचन**

# संविधान दिवस पर जगह-जगह हुए कार्यक्रम







हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौण्डीलोहारा

विकासखण्ड के आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला के बच्चों को राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने संविधान प्रस्तावना उद्देशिका को पढ़कर शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान, हमारा संविधान, हमारा सम्मान, लोकतंत्र और मानवाधिकारों को बचाकर रखना है। भारतीय संविधान 26 नवंबर 1949 को अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया।

भारत संविधान भारत के लोकतंत्रात्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी ढ़ांचे को परिभाषित करने वाले आधारभूत दस्तावेज है। पिछले सात दशकों में इसने राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों के माध्यम से राष्ट्र का मार्गदर्शन किया है। न्याय स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व सुनिश्चित किया है, जो भारत के शासन के मूल सिद्धांत है। इन मूल्यों को हर साल संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। संविधान दिवस के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को चित्रकला, पोस्टर, हस्तशिल्प, मानव श्रृंखला निर्माण, प्रभात फेरी, निबंध लेखन, वाद-विवाद, भाषण प्रतियोगिता, संविधान से सम्बंधित प्रश्नोत्तरी, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर शिक्षक परसराम साहू, दीनदयाल अटल, सुनील कुमार अलेन्द्र, नारदराम भुआर्य, भूमिका मोवाड़े उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत पैरी में मनाया गया संविधान दिवस



**बालोद/सिकोसा।** 26 नवम्बर को विकासखण्ड गुण्डरदेही, अंतर्गत ग्राम पंचायत पैरी में निर्मित अमृत सरोवर स्थल पर जनपद स्तरीय संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जनपद एवं जिला स्तर के अधिकारी एवं ग्राम पंचायत पैरी के समस्त जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर भारतीय संविधान की उद्देश्यिका का पठन कर शपथ दिलाई गई। साथ ही शाला के विद्यार्थियों के लिए रंगोली व चित्रकारी तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बता दें कि विकासखण्ड गुण्डरदेही क्षेत्रान्तर्गत अन्य ग्राम पंचायतों में भी, जहां अमृत सरोवर का निर्माण किया गया, उन स्थलों में संविधान दिवस का आयोजन किया गया है।

### वनरक्षक भर्ती स्थल पर दिलाई गई संविधान की शपथ



**डौंडीलोहारा।** 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के अंतर्गत वनरक्षक भर्ती स्थल स्व. सरयू प्रसाद स्टेडियम बालोद में वनमण्डलाधिकारी ने संविधान के प्रति शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थे।

### ग्राम तिरगा के युवाओं ने मनाया संविधान दिवस



**अंडा।** ग्राम तिरगा के युवाओं ने 75 वां भारतीय संविधान दिवस का आयोजन गांधी चौक पर किया गया। इस अवसर पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के छाया चित्र पर पुष्प माल्यार्पण करते हुए केंडल जलाकर सभी ग्रामीणों ने मिलकर ज्ञान का ज्योति प्रकाशित किया गया। गांव में त्योहार जैसा माहौल खुशी देखने को मिला ग्राम सरपंच घसिया राम देशमुख जी ने युवाओं को ऐसे रचनात्मक कार्य की प्रसंशा करते हुए प्रति वर्ष गांव में संविधान दिवस मनाने के लिए प्रेरित किया गया, सेवानिवृत शिक्षक एच. एल. दिल्लीवार ने कहा स्वतंत्र भारत के बाद नींव बनाने का महान कार्य हमारे आंबेडकर जी बनाया संविधान है। इसी के बदौलत हमारे देश, गांव मजबूती से समृद्ध की ओर आगे बढ़ रहा हैं। रघुनाथ देशमुख शिक्षक ने इसे देश की सामाजिक, धर्म, न्याय एकता का प्रतीक बताया। इस अवसर पर अतिथि गण ग्राम सभा प्रमुख रुखमण देशमुख, सूरज देशमुख, गैंदलाल देशमुख, ईश्वरीलाल, बिसौहा राम, सर्जना यु. स. अध्यक्ष हेमंत ऋषि जी, राजीव यु. मि. क्लब अध्यक्ष घनश्याम देशमुख, संयुक्त यु. सं.अ. शत्रुहन देशमुख, सोहन देशमुख, पर्यावरण प्रेमी अजय देशमुख, बिहान समूह समस्त महिलाएं, एवम अध्यक्ष ललिता देशमुख, मंगल देशमुख जी, शकुंतला देशमुख, यु.सं. सदस्य गण युगल, राहुल, तोरण वा समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### अर्जुनी के अमृत सरोवर में मनाया गया संविधान दिवस

**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत अर्जुनी में मंगलवार को अमृत सरोवर में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच द्वारा डॉक्टर बाबा साहेब आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने रैली निकाली। सरपंच करूणा सुरेन्द्र साहू ने अपने उद्बोधन में संविधान के महत्व को बताते हुए सभी उपस्थित नागरिकों एवं स्कूली बच्चों से अपने देश एवं संविधान की रक्षा करने एवं देश हित में कार्य करते हुए अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में उपस्थित गांव एवं आसपास से आए हुए मितानिन बहनों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच करुणा सुरेंद्र साहू, उप सरपंच अंजू राम ठाकुर, पंच रजनी साहू, पंचायत सचिव आशीष शुक्ला, रोजगार सचिव तुलसीराम सिन्हा, पंचायत ऑपरेटर अमित कुमार साहू, पटवारी शुभम देवांगन पूर्व सरपंच घना राम साहू, प्रधानाध्यापक अश्विनी कुमार चंद्राकर, मितानिन ममता राव, मधु साहू, कल्पना बघेल, परदेसनीन साहू एवं स्कूली बच्चों के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

### सम्बलपुर में बच्चों ने संविधान की प्रस्तावना का किया वाचन



डौंडीलोहारा। पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर में 26 नवम्बर को संविधान दिवस की उपलक्ष्य में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। संविधान दिवस का उद्देश्य लोगों को संविधान की मूल बातें और इसके महत्व के बारे में जागरूक करना है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते है, जहाँ सभी नागरिकों को समान अधिकार और स्वतंत्रता प्राप्त है। भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक वीणा ठाकुर, शिक्षक अनिल दिल्लीवार, कुमार संभव देवांगन, सुनीता साहू, राजेश्वरी साहू उपस्थित रहे।



### शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय में संविधान दिवस पर हुई प्रश्नोत्तरी

**दल्लीराजहरा।** शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय, दल्ली राजहरा में 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान एवं मानव अधिकार पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार सी.के. एवं राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सरिता स्वामी के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्रांगण में प्राचार्य, प्राध्यापकों और विद्यार्थियों द्वारा संविधान की उद्देशिका के वाचन और संविधान के प्रति सच्ची निष्ठा की शपथ ग्रहण के साथ हुई। इसके बाद प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए, और छात्रों ने सही उत्तरों का चयन कर अपनी जानकारी और कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रश्मि सिंह नायक, द्वितीय लोकेश कुमार सिन्हा तथा तृतीय स्थान योगिता शिवना ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, डॉ. ए. जान, डॉ. प्रवीण गुप्ता, राजेश ठाकुर, यामिनी देवी, योगेश साहू, शिकलेश नुरुटी, मोहनलाल, किशोर पटेल, और कमल बोदले शामिल थे, ने विशेष सहयोग प्रदान किया।





### अरमरीकला विद्यालय में मना संविधान दिवस



**बालोद/कलंगपुर।** मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में संविधान दिवस के अवसर पर छात्र–छात्राओं को संविधान के प्रति शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर संविधान के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली के प्रोफेसर डॉ विशाल महलवार ने छात्र–छात्राओं को ऑनलाईन मोड से अपनी व्याख्यान से संबोधित किया एवं संविधान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राएं एवं स्टाफ उपस्थित थे।





### स्वामी आत्मानंद विद्यालय निपानी में मनाया गया संविधान दिवस

**लाटाबोड़।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय निपानी में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर व्याख्याता यादराम साहू ने प्रस्तावना का वाचन किया। व्याख्याता सुनिधि ने संविधान का महत्व एवं उसकी आवश्यकता को विस्तार से बताया। इस अवसर पर बच्चों ने भाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका निर्मला तथा आभार प्रदर्शन सहायक शिक्षिका प्रियंका ने किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



### संविधान के महत्व व विशेषताओं पर की गई चर्चा

**दल्ली राजहरा।** भारतीय संविधान को अंगीकार किए हुए 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दल्ली राजहरा के अंबेडकर मेमोरियल हॉल में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रबुद्ध जनों ने संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों, भागों, एवं अनुसूचियों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में नागपुर से पधारे प्रमुख वक्ता मोहम्मद अब्दुल रज्जाक, जो महाराष्ट्र आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के प्रखर वक्ता हैं, ने संविधान को एक ऐतिहासिक दस्तावेज बताते हुए उसकी संरचना और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में संप्रभुता, समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र, और गणराज्य के सिद्धांत निहित हैं। यह दस्तावेज नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक न्याय प्रदान करने के साथ-साथ अवसर की समानता और बंधुत्व को सुनिश्चित करता है। प्रमोद कावडे ने संविधान निर्माण प्रक्रिया पर चर्चा करते हुए डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की दूरदर्शिता और लोकतंत्र में न्यायपालिका, विधायिका, और कार्यपालिका के महत्व को रेखांकित किया। धीरज उपाध्याय ने संविधान की लचीलापन और कठोरता के विशेष पहलुओं को समझाते हुए अनुच्छेद 368 के तहत संशोधन प्रक्रिया का उल्लेख किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक जनक लाल ठाकुर ने मौलिक अधिकारों की सुरक्षा और समानता के सिद्धांत को संविधान की विशेषता बताया।

वहीं, अध्यक्षीय उद्बोधन में हेमंत कांडे ने नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों और अधिकारों पर बल देते हुए कहा कि यह संविधान ही है जो भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखता है। इस अवसर पर रतिराम कोसमा ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया और इसके अनुच्छेदों के माध्यम से समाज के पिछड़े वर्गों और अनुसूचित जाति-जनजाति के संरक्षण की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में कई प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे, जिनमें शिरोमणि माथुर, और अन्य प्रमुख लोग शामिल थे। यह आयोजन संविधान के महत्व और उसकी प्रासंगिकता को जन-जन तक पहुंचाने का एक सफल प्रयास साबित हुआ।







### पीएमश्री विद्यालय सिरसिदा में प्रधानपाठक ने दिया न्योता भोज

**अंडा।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा की प्रधान पाठिका लीना देवांगन ने अपने पुत्र माणिक्य देवांगन के जन्मदिन पर शाला के सभी बच्चों को नेवता भोज कराया। इस अवसर पर महेंद्र कुमार साहू, हीरालाल साहू, मंगलीन ठाकुर, पुष्पा साहू, राकेश कुमार साहू, शैल सुनहरे, धनेश्वरी साहू, दशेन्द्र कुमार साहू, गीतिका देशमुख, चंदूलाल ठाकुर, रसोइया सतरूपा यादव, अनुसुइया यादव, कली ठाकुर, सनमत सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

## सिकोसा के ग्रामीणों ने कहा-चुनिंदा लोगों के हाथों में न दें व्यापार

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम सिकोसा के ग्रामीणों ने मछली हाट बाजार सार्वजनिक व्यापार को चुनिंदा लोगों को देने का विरोध करते हुए एवं बाजार क्षेत्र में लगे छायादार वृक्षों को प्रभावित नहीं करने की मांग करते हुए अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही को ज्ञापन सौपा है।

ज्ञापन मे मांग की गई है कि ग्राम पंचायत सिकोसा मे मछली हाट बाजार लगाया जाता है सार्वजनिक रूप से व्यापार करने के लिए आस पास के लोग भी पहुंचकर व्यापार करते है, जिससे पंचायत में आय का साधन भी बना हुआ है जिसमे पंचायत द्वारा चूना मारकर व्यक्तिगत लोगों को आबंटित किया जा रहा है। व्यापार क्षेत्र व्यक्तिगत लोगों को प्रदान किया गया है जिससे क्षेत्र सार्वजनिक नहीं होकर कुछ लोगों के हाथ में सिमट गया है। ग्रामीणों ने कहा कि जनसंख्या बढ़ने पर व्यापार बढ़ने पर व्यापार की जगह चुनिंदा लोगों के हाथ में रहने पर अन्य व्यापारियों के लिए व्यापार की संभावनाएं खत्म हो जाएंगी। ग्रामीणों ने उसमें रोक लगाकर सुनिश्चित व्यापार की जगह को सुरक्षित रखने की बात कही है। व्यक्तिगत पंचायत द्वारा प्रदान न करे पुनः रोक लगाया जाए। वहां पर 6 मई 2023 को छायादार पौधे ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं। हरा भरा पेड़ स्थित है। बगल मे मीनी गार्डन बन गया है। 6 जून 2023 को विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्रामवासियों ले पौधारोपण किया ।



**पाठक सूचना**

बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच
20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025, 10 जनवरी से 22 जनवरी 2025
21 फरवरी से 05 मार्च 2025, 07 मार्च से 19 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
**नेपाल विदेश यात्रा**
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 25,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
**श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा**
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411